ो करोड़ों की विकास परियोजनाओं की सौगात

नायब सैनी बोले- हमारा लक्ष्य पूरे हरियाणा का संतुलित विकास करना

डबुआ मंडी में आयोजित रैली को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। -हप्र

फरीदाबाद-गुरुग्राम को मेट्रो से जोड़ने की तैयारी

- मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद और गुरुग्राम को हरियाणा के कॉमर्शियल हब बताते हुए कहा कि सरकार इन दोनों शहरों को मेट्रो से जोड़ने पर विचार कर रही है और जल्द ही इसे धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है, पूरे हरियाणा का संतुलित विकास करना और इस मार्ग पर हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

- **गुर्जर बोले-क्षेत्रवासियों की शुद्ध पेयजल की मांग को किया पूरा...** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज मुख्यमंत्री ने एफएमडीए की बैठक में फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्रवासियों की लंबे समय से शुद्ध पेयजल की मांग को पूरा करने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कुल 525 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। उसमें से 253 करोड़ रुपए पेयजल, सीवरेज परियोजनाओं के लिए खर्च किए जाएंगे।

- **फागना ने कहा-मुख्यमंत्री जनसेवा की जीवंत मिसाल...** विधायक सतीश फागना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि जनसेवा की जीवंत मिसाल है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि इरादे मजबूत हों और दृष्टि साफ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। इस मौके पर विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की मांग भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखी।

एफएमडीए के 773.24 करोड़ के बजट की मंजूरी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि फरीदाबाद में जलापूर्ति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि मिर्जापुर जोन में सीवरेज संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 20 एमएलडी का नया एसटीपी भी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने यह बात आज फरीदाबाद में आयोजित फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की छठी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे और नागरिक सुधार की गति को तेज करने के लिए लगभग 773.24 करोड़ रुपये के विकास बजट को मंजूरी दी गई। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अमृत योजना के तहत अधूरे काम के बावजूद ठेकेदार को भुगतान करने के मामले में चीफ इंजीनियर बीके कर्दम को सस्पेंड कर दिया। उन्होंने एफआईआर दर्ज करने के भी आदेश दिए। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चंडीगढ़ से मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी जुड़े। इसके अलावा एफएमडीए के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी, एफएमडीए के सीईओ श्यामल मिश्रा, शहरी स्थानीय निकाय आयुक्त विकास गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नागर, विधायक मूलचंद शर्मा, धनेश अदलक्खा, विधायक हरेन्द्र रामरतन, पूर्व विधायक पं.टेकचंद शर्मा, नरेन्द्र गुप्ता, मेयर प्रवीण बत्रा, राजीव जेटली, जिलाध्यक्ष सोहनपाल छौकर व पंकज पूजन रामपाल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एनआईटी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव में समुदायिक भवन बनाने के लिए 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। दो गांवों नामतः आलमपुर के प्राइमरी स्कूल तथा गांव सारन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के नये भवन के निर्माण के लिए भी 7 करोड़ 63 लाख रुपये की घोषणा की। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विधायक द्वारा दिए गए मांग पत्र की अन्य मांगों को संबंधित विभागों को भेजा जाएगा और उन पर आगामी कारवाई की जाएगी।

क्षेत्र में बढ़ रही वारदातों के विरोध में एसपी निवास के बाहर दिया धरना

डीएसपी को ज्ञापन सौंपकर अपराधियों पर नकेल कसने की मांग

नारनौल, 4 मई (हप्र)

नारनौल शहर में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के विरोध में आज सेक्टर-एक के निवासियों ने पुलिस अधीक्षक निवास के बाहर प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों का कहना था कि शहर के साथ-साथ सेक्टर में आए दिन आपराधिक वारदातें बढ़ती जा रहीं हैं। पुलिस इन पर शिकंजा कसने में नाकामयाब है। इसलिए सेक्टर-एक में सुरक्षा व्यवस्था कायम की जाए। प्रदर्शन के बाद उन्होंने डीएसपी रणदीप सिंह को एक ज्ञापन भी सौंपा।



नारनौल में एसपी निवास के बाहर प्रदर्शन करते हुडा सेक्टर वासी। -हप्र

इस मौके पर सेक्टर-एक के लोगों का कहना था कि क्षेत्र मे असामाजिक तत्वों द्वारा आपराधिक घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। जैसे महिलाओं से चैन स्नैचिंग, घरों में घुसकर चोरी, महिलाओं से अभद्र व्यवहार और हाल ही में सेवानिवृत्त प्रोफेसर विष्णु कुमार के मकान नम्बर 38 सेक्टर-1 पार्ट-1, हुडा नारनौल में पिस्तौल से किया गया हमला जैसी वारदातें शामिल हैं। इन वारदातों के कारण सेक्टर में असुरक्षा व भय का माहौल है, जिससे आम नागरिक विशेषकर महिलाएं, बच्चे एवं वृद्ध अत्यधिक परेशान है। उन्होंने सेक्टर मे सीसीटीवी कैमरे लगाने, पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने, अनधिकृत प्रवेश रास्तों पर रोक लगाने और विष्णु गर्ग पर पिस्तौल से हमला कर जान से मारने की कोशिश करने के आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर सेक्टर एक के काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

ाणा के हिस्से ने का कोई ें : कौशिक

श्री गौड़ सभा का परशुराम जन्मोत्सव पर समारोह 11 को

कनीना (निस) : श्री गौड़ सभा की

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने तैयार किया विजन डॉक्यूमेंट : सुरेंद्र

ट्रॉली बैग में सड़क किनारे मिली महिला की लाश

गुरुग्राम, 4 मई (हप्र)

- पहचान मिटाने को चेहरा

ट्रॉले की टक्कर से कार चालक की मौत

थीन (निस) : ट्रॉले की टक्कर से कार सवार की मौत हो गई। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्राला नंबर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है।

नूहं जिला के कस्बा पुन्हाना निवासी अशोक कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि तीन मई की रात करीब 10 बजे गांव कोट की नजदीक बने पेट्रोल पंप पर अपने भाई दीपक के आने का इंतजार कर रहा था। नूहं की तरफ से तेज स्पीड में आए ट्रॉले ने एक कार को सीधी टक्कर मार दी। मौके पर जाकर देखा तो ट्राला की टक्कर से कार चालक दीपक मृत अवस्था में सीट पर पड़ा था।

बिना सूचना के होटल में ठहराए विदेशी नागरिक, पुलिस ने मारा छापा

गुरुग्राम, 4 मई (हप्र)

- इराक व केन्या मूल के रहने वाले हैं होटल में ठहरे पांचों विदेशी लोग

पुलिस को सूचना दिए बिना ही विदेशी नागरिकों को होटल में ठहराने के आरोप में पुलिस ने होटल के मैनेजर पर एफआईआर दर्ज की है। जांच में पता चला है कि होटल में ठहराए गए पांच विदेशी नागरिक इराक व केन्या मूल के हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि उनके पास भारत में रहने के लिए वैध कागजात भी नहीं पाए गए। जानकारी के अनुसार शहर के सेक्टर-52 स्थित एक होटल में विदेशी नागरिकों की पुलिस को सूचना दिए बिना ही ठहराया गया था। पुलिस ने होटल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी के दौरान होटल के ग्राउंड फ्लोर पर काउंटर पर मैनेजर बैठा था। पुलिस को उसने अपना नाम रजाक अब्दुल जब्बार खान बताया। वह मुंबई के जोगेश्वरी वेस्ट का रहने वाला है। पुलिस टीम ने होटल के रजिस्टर की जांच की तो पता चला कि यहां विदेशी नागरिक ठहराए गए हैं, जिनकी पुलिस को जानकारी नहीं दी गई।

सीएम का फर्जी ओएसडी बनकर एसडीओ को फोन कर धमकाने का आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम, 4 मई (हप्र)

- पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर 57 लाख रुपये की धोखाधड़ी में गया था जेल
- आरोपी ने पहले भी झूठे राजनीतिक प्रभाव से की ठगी

मुख्यमंत्री का फर्जी ओएसडी बनकर बिजली बोर्ड के एसडीओ को फोन करने का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। वह खुद की राजनीतिक पहुंच बताकर पहले भी धोखाधड़ी कर चुका है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को जानकारी दी कि पेट्रोप पंप दिलवाने के नाम पर 57 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। इस मामले में वह जेल भी जा चुका है। जानकारी अनुसार एक अप्रैल 2025 को थाना सेक्टर-56 में सीएम हरियाणा का फर्जी ओएसडी बनकर बिजली बोर्ड के एसडीओ को बिजली के पोल हटवाने के संबंध में कॉल करने की शिकायत दी। शिकायत पर थाना सेक्टर-56 में केस दर्ज करके जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने इस मामले में एक आरोपी को नाथूपुर जिला गुरुग्राम से काबू किया है। आरोपी की पहचान अमित चौधरी (39) निवासी नाथूपुर के रूप में हुई। आरोपी ने बताया कि कि वह अक्सर खुद को समाज में राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। इसी के चलते उसके एक जानकार ने उससे उसके एक प्लाट के पास बिजली के खंभों को हटवाने बारे में कहा। उसने खुद का राजनीतिक प्रभाव दिखाने के लिए खुद को सीएम का ओएसडी बताकर बिजली विभाग के एसडीओ को झूठा फोन करके धमकाया था। आरोपी के खिलाफ चेक बाउंस के दो अलग-अलग मामले भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जा से वारदात में प्रयोग किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है।

सार्वजनिक सूचना

विषय: हरियाणा के गुरुग्राम के सेक्टर-10 में मकान नंबर 687 के संबंध में आवंटी श्री कृष्ण मुरारी परनामी की बिना वसीयत के मृत्यु के परिणामस्वरूप स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्वर्गीय श्री कृष्ण मुरारी परनामी, जो कि उक्त विषय संपत्ति के आवंटी थे, रिकॉर्ड के अनुसार, 18.09.2022 को उनकी मृत्यु हो गई है और उन्होंने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं छोड़ी है और वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:-

1. अमृत मोहिनी परनामी (पत्नी)
2. प्रमोद कुमार परनामी (पुत्र)
3. सुमित्रा पत्नी स्वर्गीय श्री मनीष कुमार परनामी (बहू)
4. अवंतिका परनामी बेटी स्वर्गीय श्री मनीष कुमार परनामी (पोती)
5. अभिमन्यु परनामी पुत्र स्वर्गीय श्री मनीष कुमार परनामी (पोता)।

अब, श्रीमती अमृत मोहिनी परनामी पत्नी स्वर्गीय श्री कृष्ण मुरारी परनामी निवासी सी-108, सेक्टर-50, नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश, कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पति की हिस्सेदारी को अपने पक्ष में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन करें और श्रीमती अमृत मोहिनी परनामी के नाम पर पुनः आवंटन का अनुरोध करें।

यदि किसी व्यक्ति को प्लॉट/भूखंड/मकान के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी-I, HSVP, सेक्टर-14 गुरुग्राम को लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी HSPV नीति के अनुसार उक्त संपत्ति का हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं और बाद में कोई दावा, यदि कोई हो, पर विचार नहीं कर सकते हैं।

कानूनी उत्तराधिकारी
श्रीमती अमृत मोहिनी परनामी (पत्नी)
संपदा अधिकारी-I, HSVP,
सेक्टर-14, गुरुग्राम की ओर से

CK
OK
AY
ur ad!
fied.tribuneindia.com
bune

समाज में सकारात्मकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ाने की पहल

जेसीआई भिवानी स्टार ने निकाली कार-बाइक रैली

भिवानी, 4 मई (हप्र)

युवा वर्ग को समाजहित के कार्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को जेसीआई भिवानी स्टार की ओर से आई एम प्राउड मेंबर ऑफ जेसीआई इंडिया अभियान के तहत एक कार व बाइक रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य समाज में सकारात्मकता, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। मीडिया प्रभारी कपिल शर्मा ने बताया कि रैली की शुरुआत हुडा पार्क के सामने से हुई, जिसमें काफिले के साथ अनेक सदस्यों ने भाग लिया। सभी वाहनों पर आई एम प्राउड मेंबर ऑफ जेसीआई इंडिया के स्टीकर, झंडे और बैनर लगाए गए थे। इस रैली को संस्था के पैटर्न गोपाल

भिवानी में रैली कार्यक्रम में उपस्थित जेसीआई भिवानी के सदस्य। -हप्र

अग्रवाल ने स्थानीय हुडा पार्क से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसके बाद यह रैली हांसी गेट चौक से, घंटाघर चौक, कृष्णा कॉलोनी चौक से रेलवे रोड पर पूरे शहर में निकाली गई। शर्मा ने बताया कि रैली का उद्देश्य युवाओं को एकजुटता की ताकत से अवगत करना था। इस मौके पर जेसीआई भिवानी स्टार के प्रधान जेसी संदीप अग्रवाल ने बताया कि जेसीआई सिर्फ एक संगठन नहीं, बल्कि एक आंदोलन है जो युवाओं को नेतृत्व, सामुदायिक सेवा और व्यक्तिगत विकास के अवसर प्रदान करता है। रैली में प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी कपिल शर्मा, प्रकाश चंद्र मोडा, शिवकुमार सोनी, संजय कुमार, प्रिंस गर्ग, अंश अग्रवाल के साथ संस्था के पैटर्न गोपाल अग्रवाल, भारत गुप्ता, महासचिव श्याम अग्रवाल, कैशियर जेसी प्रवीण अग्रवाल एवं संस्था के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

नूंह के होमगार्ड ने आईपीएल मैच में जीते 4 करोड़ रुपये

गुरुग्राम (हप्र) : ऊपर वाला जब देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है। ये कहावत पुलिस होमगार्ड जवान पर चरितार्थ हुई है। गरीबी में नींद आई और जब आंख खुली तो करोड़ों का मालिक बन गया। नूंह जिले के गांव तुसैनी गांव के रहने वाले पुलिस होमगार्ड जवान घनश्याम प्रजापति ने मोबाइल एप पर 4 करोड़ रुपये जीते हैं। घनश्याम ने शनिवार रात को भाई के साथ बैठकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के आईपीएल मैच में महज 39 रुपये लगाकर टीम बनाई थी। इसके बाद जब नींद आई तो वह रोजाना की तरह सो गए। सुबह उठे तो पता चला कि उसकी टीम को 1370 पॉइंट मिले हैं जिसकी विनिंग अमाउंट 4 करोड़ रुपए है। इसके बाद पड़ोसी और रिश्तेदार घर पहुंचकर बधाई देने लगे। 33 वर्षीय घनश्याम प्रजापति की ड्यूटी नूंह के पुनहाना शहर में है। वह 2015 में हरियाणा पुलिस में होमगार्ड के जवान के रूप में भर्ती हुए थे। उनके पिता मजदूरी करते हैं। वह 2023 से एप पर टीम बनाकर खेल रहे हैं। टीम विजेता घनश्याम प्रजापति को गांव तुसैनी के सरपंच अमजद व गांव वालों ने पगड़ी बांधकर व माला डालकर सम्मानित किया। घनश्याम प्रजापति इस राशि से मकान बनाने के साथ-साथ गरीबी को दूर करेंगे लेकिन खाकी वर्दी उनके शरीर पर आगे भी देखने को मिलेगी।

सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि श्री एस. एन. सिद्धेश्वर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जो कि वाटिका इंडिया नेक्स्ट, सेक्टर-81, गुरुग्राम की आवासीय प्लॉटिड कॉलोनी में स्थित है, अब हाई स्कूल से सीनियर सेकेंडरी स्कूल के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है। इस संबंध में, आवेदन दिया गया जिसे वरिष्ठ नगर नियोजक (डीटीपी), हरियाणा ज्ञापन संख्या ZP-664/PA9DK)/2025/14235 दिनांक-21.04.2025 के तहत श्री एस. एन. सिद्धेश्वर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल सेक्टर 81 के 5.0938 एकड़ क्षेत्रफल वाले परिसर को सीनियर सेकेंडरी स्तर पर अपग्रेड करने हेतु अनुमोदन प्रस्ताव की कुछ शर्तों के साथ स्वीकृति दी गई। इस प्रस्ताव पर यदि किसी आवंटी को कोई आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति वरिष्ठ नगर नियोजक, गुरुग्राम के कार्यालय या स्कूल प्रबंधन को लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय सीमा में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि प्रस्तावित संशोधन पर किसी को कोई आपत्ति नहीं है।

स्कूल की मूल स्वीकृत साइट योजना स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

www.snsidheshwar81.com